# संपदा पदाधिकारी का कार्यालय
## बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय
बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय प्रांगण,पटना –800014

e-mail :- estatebasu@gmail.com


पत्रांक 550 /सम्पदा / बि॰प॰वि॰वि॰, पटना — दिनांक 23/08/2023

**निलामी आमंत्रण सूचना सं०–01 / 2023–24 / सम्पदा कार्यालय, पटना।**

(1) विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– सम्पदा पदाधिकारी, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय प्रांगण, पटना।

(2) निविदा समर्पित करने की तिथि :– 13.09.2023 को 12:00 बजे तक।

(3) निविदा प्राप्ति का स्थान :– निविदादाता का कार्यालय / बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना–14 के प्रांगण में

(4) निलामी की बोली एवं स्थान :–दिनांक 14.09.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से पशुधन प्रक्षेत्र बि०एम०पी० 1 के समीप।

(5) कार्य की विवरणी:–

| क्रमांक | निलामी की जाने वाली सामानों का नाम | निलामी की न्यूनतम राशि (रू० में) | निलामी में भाग लेने के लिए जमानत की राशि (रू० में) |
|---|---|---|---|
| 1 | बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना अंतर्गत पशुधन परिसर में फ्रोजेन सीमेन बैंक सह बूल स्टेशन से प्राप्त सामग्रियों के कुल 77 अदद Non-Functional एवं unserviceable सामग्रियों (उपयोगी, अनुपयोगी एवं मलवा) इत्यादि के खुली निलामी | ₹ 3,40,000 / – | ₹ 34,000 / – |

(6) कार्य समाप्ति की अवधि :– कार्यादेश प्राप्ति की तिथि से 15 दिन के अन्दर।

## निविदा की शर्तें :–

निविदा के साथ निम्नांकित अद्यतन दस्तावेज की सुस्पष्ट, स्व–हस्ताक्षरित छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(1) निविदाकर्त्ता फर्म का सरकारी निबंधन।

(2) निविदाकर्त्ता फर्म का पैन कार्ड की छायाप्रति।

(3) निविदाकर्त्ता फर्म का जी०एस०टी० की छायाप्रति।

(4) अद्यतन आयकर रिटर्न की छायाप्रति।

(5) Non-Functional एवं unserviceable Material का न्यूनतम आधार मूल्य कुल ₹ 3,40,000/–है, निलामीकर्त्ता को निविदा के साथ ₹ 34,000/– रूपये मूल्य का अग्रधन एन०एस०सी०/टर्म डिपोजिट के रूप में सम्पदा पदाधिकारी, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के नाम Pledged रहेगा, को संल्गन करना होगा। असफल निविदाकर्त्ता को यह अग्रधन वापस कर दिया जाएगा। सफल निलामीकर्त्ता को निलामी हेतु बोली गई उच्चतम राशि के अनुसार उक्त राशि का Bank draft सात दिनों के अंदर जो Finance Comptroller, Bihar Animal Sciences University, Patna के नाम से देय होगा, जमा करना होगा, अन्यथा उनका अग्रधन जब्त कर लिया जाएगा।

(6) किसी भी कार्यालय दिवस में उक्त सामानों का अवलोकन करने के बाद ही इस निविदा में भाग लेना है।

(7) सभी Non-Functional एवं unserviceable Material सामग्रियों को पूर्णरूपेण हटाने एवं जमीन को समतल करने का दायित्व सफल डाक कर्त्ता का होगा। सामग्री पाये जाने की स्थिति में उनके जमा राशि में वांछित राशि की कटौती दण्ड के रूप में ली जाएगी, जो उन्हें मान्य होगा । बाद में किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

(8) विश्वविद्यालय परिसर की अन्य संपत्ति/परिसंपत्ति यथा भवन या सड़क को किसी भी प्रकार से हानि होने के बाद उसकी क्षतिपूर्ती संबंधित चयनित डाककर्त्ता से ली जायेगी ।

(9) कार्य समाप्ति की अवधि के पश्चात संबंधित संवेदक को परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी, अन्यथा दण्डस्वरूप उनके द्वारा जमा की गई जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी और निलामी को बिना कारण बताये रद्द कर दिया जायेगा। इसके लिए कोई विधि सम्मत मामला किसी कोर्ट में दर्ज नहीं किया जा सकेगा।

(10) सफल बोलीकर्त्ता को उच्चतम बोली की राशि विश्वविद्यालय में जमा करना होगा। इसके अतिरिक्त किसी प्रकार का टैक्स आदि अगर लागू है तो उक्त अतिरिक्त टैक्स आदि की बोलीकर्त्ता स्वयं संबंधित कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेगें एवं इसकी सूचना सम्पदा कार्यालय को देगें।

(11) निविदा के शर्तों को नीलामी में भाग लेने से पहले भली भाँति समझ कर ही नीलामी में भाग ले।

(10) अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द कर सकता है।

(11) यदि प्रथम उच्चतम बोली कर्त्ता उक्त किसी कारण कार्य करने से इन्कार करती है तो, उनके द्वारा जमा की गयी राशि जब्त कर ली जायेगी तथा इनसे कमदर वाले निलामीकर्त्ता को दिया जायेगा अर्थात द्वितीय उच्चतर बोलीकर्त्ता या तृतीय उच्चतम बोलीकर्त्ता को क्रमवार माँग की जायेगी।

(12) इस निविदा से संबंधित परिवर्तन / संशोधन की सूचना बेवसाइट www.basu.org.in पर दी जाएगी।

विश्वासभाजन

ह०/-

सम्पदा पदाधिकारी

बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

ज्ञापांक.....550....../ सम्पदा /बि०प०वि०वि०, पटना दिनांक-23/08/2023

**प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित**

(1) अधिष्ठाता, बी०भी०सी० / कुलसचिव, बि०प०वि०वि० पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(2) वित्त नियंत्रक, बि०प०वि०वि० पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(3) आई०सी०टी०, बि०प०वि०वि० पटना को बेवसाइट पर प्रकाशन हेतु प्रेषित।

(4) जन संपर्क पदाधिकारी, बि०प०वि०वि० पटना को अखबार में निविदा प्रकाशन हेतु प्रेषित।

(5) कमिटी के सभी सदस्य (सहायक वित्त नियंत्रक, डॉ० आलोक कुमार सहायक प्राध्यापक, उप–सम्पदा पदाधिकारी, श्री गोपेश कुमार, प्रतिनिधि वित्त नियंत्रक, सम्पदा पदाधिकारी, निदेशक अनुसंधान, बि०प०वि०वि० पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(6) विश्वविद्यालय सूचनापट्ट / सं०गाँ०ग०प्रौ०सं० सूचनापट्ट / बी०भी०सी० सूचनापट्ट।

सम्पदा पदाधिकारी 23

बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

ज्ञापांक................../ सम्पदा /बि०प०वि०वि०, पटना दिनांक-----/------/ 2023

प्रतिलिपिः– कुलपति के सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ समर्पित।

सम्पदा पदाधिकारी

बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना